**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1543**

**उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2019**

## ओडिशा में टेलीफोन सेवाएं

**1543. श्री अनुभव मोहंतीः**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करगें किः**

(क) क्या ओडिशा राज्य में 9940 गांवों सहित देश में लगभग 43000 गांवों में दूरसंचार सेवाएं उपलबध नहीं हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ख) सरकार द्वारा उक्त सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं तथा इन्हें कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना हैं?

**उत्तर**

**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) और (ख) वर्ष 2019 में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और दूरसंचार विभाग (डीओटी) की क्षेत्रीय इकाईयों से संगृहीत डाटा के अनुसार, यह अनुमान है कि ओडिशा राज्य में 6549 गांवों सहित देश में 27,721 गांवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। वंचित (अनकवर्ड) गांवों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची अनुबंध में दी गई है। इन गांवों में मोबाइल सेवाएं न होने के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, सुदूर और कठिन भू-क्षेत्र, बिखरी हुई आबादी के साथ भिन्न-भिन्न रूप से अवसथित क्षेत्र और वाणिजयिक रूप से अव्यवहारिक प्रचालन शामिल हैं। सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा ऐसे गांवों में मोबाइल कवरेज चरणबद्ध तरीके में उपलब्ध कराई जा रही है। इन आबादी वाले गांवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने/सुविधाजनक बनाने के लिए निम्नलिखित परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं:

i. वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्र चरण-I परियोजना के तहत, भारत सरकार द्वारा 3,591.22 करोड़ रू. की लागत से 2355 टावरों की स्थापना की गई है, जिनमें से ओडिशा में 261 टावरों की स्थापना की गई है। एलडब्ल्यूई चरण-II परियोजना के तहत, मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2,194.83 करोड़ रू. की अनुमानित लागत से 2217 मोबाइल टावरों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इनमें ओडिशा राज्य में 158 मोबाइल टावर शामिल हैं;

जारी......2



ii. लद्दाख और कारगिल क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य तरजीही क्षेत्रों सहित मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित के 354 गांवों में 384.01 करोड़ रू. की अनुमानित लागत से मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना;

iii. वंचित गांवों में और राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए और ट्रांसमीशन नेटवर्क बढ़ाने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए व्यापक दूरसंचार विकास योजना;

iv. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने हेतु चैन्नई तथा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के बीच समुद्री ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना;

v. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह में शामिल न किए गए गांवों और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 223) को कवर करने के लिए मोबाइल कनेक्टिविटी;

vi. लक्षद्वीप में 10 मोबाइल टावरों की स्थापना करके मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है;

vii. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए सेटलाइट बैण्ड विड्थ को बढ़ाकर 4जीबीपीएस तक करना;

viii. लक्षद्वीप के लिए सेटलाइट बैण्ड विड्थ को बढ़ाकर 1.71 जीबीपीएस तक करना।

**अनुबंध**

**लोक सभा के दिनांक 27.11.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1543 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उललिखित अनुबंध**

**मोबाइल सेवाओं की कवरेज़ संबंधी गांवों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | □□ज्य/□□□ □□ज्य □□□□□□□ | वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बसावट वाले गांवों की संख्या | मोबाइल सेवा सहित बसावट वाले गांवों की संख्या | मोबाइल सेवा रहित बसावट वाले गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अण्डमान और निकोबार | 396 | 239 | 157 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 16158 | 14063 | 2095 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 5258 | 3454 | 1804 |
| 4. | असम | 25372 | 24162 | 1210 |
| 5. | बिहार | 39073 | 38807 | 266 |
| 6. | चंडीगढ़ | 5 | 5 | 0 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 19567 | 17317 | 2250 |
| 8. | दादरा और नागर हवेली | 65 | 65 | 0 |
| 9. | दमण और दीव | 19 | 19 | 0 |
| 10. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 103 | 103 | 0 |
| 11. | गोवा | 320 | 297 | 23 |
| 12. | गुजरात | 17843 | 17152 | 691 |
| 13. | हरियाणा | 6642 | 6641 | 1 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 17882 | 17716 | 166 |
| 15. | जम्मू और कश्मीर | 6101 | 5963 | 138 |
| 16. | झारखंड | 29492 | 28239 | 1253 |
| 17. | कर्नाटक | 27397 | 26834 | 563 |
| 18. | केरल | 1017 | 1017 | 0 |
| 19. | लद्दाख | 236 | 174 | 62 |
| 20. | लक्षद्वीप | 6 | 5 | 1 |
| 21. | मध्य प्रदेश | 51929 | 48959 | 2970 |
| 22. | महाराष्ट्र | 40959 | 37970 | 2989 |
| 23. | मणिपुर | 2515 | 1727 | 788 |
| 24. | मेघालय | 6459 | 4861 | 1598 |
| 25. | मिजोरम | 704 | 434 | 270 |
| 26. | नगालैंड | 1400 | 1131 | 269 |
| 27. | ओडिशा | 47677 | 41128 | 6549 |
| 28. | पंजाब | 12168 | 12168 | 0 |
| 29. | पुडुचेरी | 90 | 90 | 0 |
| 30. | राजस्थान | 43264 | 42494 | 770 |
| 31. | सिक्किम | 425 | 414 | 11 |
| 32. | तमिलनाडु | 15049 | 15021 | 28 |
| 33. | तेलंगाना | 10128 | 10018 | 110 |
| 34. | त्रिपुरा | 863 | 855 | 8 |
| 35. | उत्तराखंड | 15745 | 15540 | 205 |
| 36. | उत्तर प्रदेश | 97813 | 97394 | 419 |
| 37. | पश्चिम बंगाल | 37478 | 37421 | 57 |
| | **कुल** | **597618** | **569897** | **27721** |

*****